# कविता

कविता बच्चों को बहुत अच्छी लगती है। कविता के माध्यम से न केवल शिक्षण को रुचिकर बनाया जा सकता है बल्कि बच्चों को कई ज़रूरी बातें भी सिखलाई जा सकती हैं। कविता में भी कुछ ऐसी ही बाते हैं –

## छोटी-छोटी बातें

कृष्णा सहगल

पानी को तुम सदा उबालो,
गंदे कीटाणु दूर निकालो ।
गंदा पानी दे बीमारी,
बरतो इसमें तुम होशियारी।
बिन उबला पानी मत पियो,
रहो निरोग और सुख से जियो ।
साग सब्ज़ी चुनकर...,
पहले धोकर ही फ़िर काटो ।
हाथ धोना, तब पकाना,
गली-कूचे का खुला मत खाना ।
घर में रखो सदा सफ़ाई,
इसी में सबकी है भलाई ।
इन बातों का रखो ध्यान,
सबका इसमें ही है कल्याण ।

*39, किरन इन्क्लेव, सिख रोड, सिकंदराबाद - 500 009. आंध्रप्रदेश।